University in News on 07 February 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

47 साल पहले पढ़ा विज्ञान, अब ज्योतिर्विज्ञान में दाखिला

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि के ज्योतिर्विज्ञान विभाग में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने लिया प्रवेश

दाखिले के बाद बोले- ज्योतिष में दिलचस्पी से मिली प्रेरणा

लविवि के ज्योतिर्विज्ञान विभाग की कक्षा में मौजूद कृष्णदेव त्रिपाठी व अन्य लोग। स्रोत

लखनऊ। साल 1976 में 16 साल के रहे कृष्णदेव आज 63 साल के हो चुके हैं। उम्र के साथ पढ़ाई के प्रति उनका जुनून भी बढ़ गया है। वर्ष 1976 में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में विज्ञान की पढ़ाई के लिए बीएससी में दाखिला लिया था। अब 47 साल बाद उन्होंने नियमित विद्यार्थी के रूप में विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग में दाखिला लिया है।

कृष्णदेव त्रिपाठी तीन साल पहले बीएसएनएल में उपमहाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने आराम करने के बजाय एक बार फिर से पढ़ाई का रास्ता चुना और एमए ज्योतिर्विज्ञान में दाखिला ले लिया। क्लास में भी वे नई उम्र के विद्यार्थियों के मुकाबले कहीं ज्यादा संजीदा नजर आते हैं। कृष्णदेव त्रिपाठी ने बताया कि ज्योतिष में उनकी दिलचस्पी शुरू से थी। बीएससी के बाद नौकरी मिल गई और काम के दबाव में यह लालसा दिल में दबी रह गई। सेवानिवृत्त होने के बाद एक बार फिर पढ़ने का समय मिला तो बरसों की अधूरी आस अब पूरी कर रहे हैं। इसी तरह प्रतिभा त्रिपाठी भी सेवानिवृत्त होने के बाद दोबारा पढ़ाई कर रही हैं। उनके अनुसार, ज्योतिष ऐसा विषय है जो बेहद रोचक है। इसलिए वे इसका अध्ययन करना चाहती हैं।

एमबीए-एलएलबी के बाद कर रहे ज्योतिष की पढ़ाई

एमए ज्योतिर्विज्ञान की पढ़ाई करने वाले राजेश कुमार जोशी इससे पहले एमबीए और एलएलबी की डिग्री हासिल कर चुके हैं। उनके अनुसार, इन डिग्री के बाद नौकरी भी की, लेकिन पारिवारिक काम को देखते हुए अब ज्योतिष की पढ़ाई शुरू की है। अब इसी में आगे कैरिअर बनाना है।

ज्योतिष में बढ़ रही रुचि

ज्योतिर्विज्ञान के शिक्षक डॉ. विष्णुकांत शुक्ला और डॉ. अनुज शुक्ला ने बताया कि ज्योतिष में लोगों की रुचि बढ़ी है। इसीलिए नए विद्यार्थी ही नहीं सेवानिवृत्ति के बाद भी काफी लोग दाखिला ले रहे हैं। लविवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार, इस तरह के विषय सभी वर्ग के लिए हैं। लविवि में ज्योतिष की पढ़ाई हिंदी माध्यम से होती है। यह भी यहां दाखिले की एक बड़ी वजह है।

लविवि खुद ही कराएगा प्रवेश के लिए परीक्षा

बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रम में लविवि अपने स्तर से ही प्रवेश लेगा। सहायक प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि इसके लिए विवि अपनी ओर से प्रवेश परीक्षा कराएगा। हम अभी यूजीसी की गाइडलाइन के हिसाब से चल रहे हैं, एआईसीटीई की ओर से जाने का अभी हमारा अभी कोई इरादा नहीं है। लविवि में बीसीए पाठ्यक्रम में 120 और बीबीए में 60 से अधिक सीटें हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय आद्याश्री उत्सव के समापन पर मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

लविवि : आद्याश्री उत्सव का समापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय इंटर-कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में अंतिम दिन प्रो. निशी पांडे की उपस्थिति में द शेड्स ऑफ वूमनहुड विषय पर पैनल चर्चा के साथ दिन की शुरुआत हुई। प्रो. राकेश चंद्रा और डॉ. संगीता शर्मा ने सरोगेसी बोर्ड पैनल में अपने विचार व्यक्त किए। तीन दिनों महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. गीतांजली मिश्रा, कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

AMRIT VICHAR PAGE 4

हबीबुल्ला हॉल ने 5 रनों से भाभा हॉल को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि में प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर छात्रावास क्रिकेट प्रतियोगिता में हबीबुल्ला हॉल की टीम ने 5 रनों से जहांगीर भाभा हॉल की टीम को शिकस्त देते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता के 8वें दिन अन्य आयोजन भी आयोजित किये गए। इस अवसर पर सभी प्रोक्टोस्ट उपस्थित रहे।

मौसम का असर लविवि में आयोजित प्रतियोगिता पर भी देखने को मिला। सुबह से खिली धूप के बीच अंतर छात्रावास क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें दिन टीमें समय से मैदान में आ डटीं। लुआ ग्राउण्ड में प्रतियोगिता का फाइनल मैच का आरंभ हुआ। होमी जहांगीर भाभा हॉल की टीम का सामना हबीबुल्ला हॉल की टीम से हुआ। हबीबुल्ला हॉल की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने की घोषणा की। ऐसे में टीम के सदस्यों ने मिलकर 130 रनों का लक्ष्य जहांगीर भाभा की टीम के समक्ष रखा। कड़े मुकाबले में हबीबुल्ला हॉल की टीम ने जहांगीर भाभा हॉल की टीम को 5 रनों से शिकस्त देते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य प्रोक्टोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, डीन छात्र कल्याण प्रो.संगीता साहू सहित सभी प्रोक्टोस्ट, सहायक प्रोक्टोस्ट और प्रॉक्टर उपस्थित रहे।

वॉलीबॉल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन लविवि के शिवाजी ग्राउंड पर हुआ। प्रतियोगिता में सुभाष हॉल की टीम का सामना महमूदाबाद हॉल से हुआ। अंतिम क्षणों में सुभाष हाल ने जीत हासिल की।

8वें दिन क्रिकेट मैच का हुआ फाइनल

बैडमिंटन में कैलाश हॉल रही अव्वल

बैडमिंटन (महिला वर्ग) का फाइनल मुकाबला बीरबल साहनी हॉल और कैलाश हॉल के बीच आयोजित हुआ। अंतर यासी छात्राओं की उपस्थिति में एक दूसरे के बीच कड़ा मुकाबले हुआ। जिसमें कैलाश हॉल की टीम ने जीत हासिल की।

संगीत से संवरेगी जीवनशैली

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में संगीत थेरेपी की मदद से रोजमर्रा की जीवनशैली सुधारने का काम किया जाएगा। इसके लिए एलयू के महिला अध्ययन संस्थान और वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बीच एमओयू हुआ है। इंटर-कॉलेजिएट उत्सव 'आद्याश्री' के समापन पर एमओयू साइन किया गया। मालवीय सभागार में महिला अध्ययन संस्थान की ओर से इंटर-कॉलेजिएट उत्सव 'आद्याश्री' का बुधवार को समापन हुआ। संस्थान की निदेशिका डॉ. मानिनी ने बताया कि इससे छात्रों को संगीत की मदद से जीवनशैली को प्रबंधित करने में लाभ होगा। दिन में पैनलिस्ट प्रोफेसर निशी पांडे की उपस्थिति में 'द शेड्स ऑफ वूमनहुड' पर चर्चा से हुई।

विवि का मुख्य द्वार तैयार, सीएम करेंगे लोकार्पण

103 वर्ष पुराने लखनऊ विश्वविद्यालय का नव्य, भव्य मुख्य द्वार बनकर लगभग तैयार हो गया है। प्रवेश के लिए बन रहे मुख्य द्वार का उद्घाटन 15 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य द्वार का निर्माण अंतिम चरण में है। अब एलयू का मुख्य द्वार गेट नंबर-3 होगा। इसी से शिक्षक, विद्यार्थी व अन्य लोग प्रवेश करेंगे। एलयू में इस समय मुख्य द्वार भाऊराव देवरस यानी गेट नंबर एक है। जबकि गेट नंबर-3 अक्सर बंद रहता था। अब एलयू प्रशासन ने गेट नंबर-3 को मुख्य द्वार बनाने का फैसला किया। आधुनिक सुविधाओं के साथ इस गेट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है कि यह गेट विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

HINDUSTAN PAGE 06

समापन लखनऊ यूनिवर्सिटी में इंटर-कॉलेजिएट उत्सव 'आद्याश्री' का समापन मंगलवार को हो गया। इस अवसर पर प्राचीन, मध्ययुगीन महिलाओं को दर्शाने के लिए फैशन शो हुआ। कुलपति आलोक कुमार राय भी उपस्थित रहे।

प्रद्युम्न की पारी से जीता हबीबुल्ला हॉस्टल

लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे तृतीय इंटर हॉस्टल फेस्ट-2024 के आठवें दिन हबीबुल्ला हॉस्टल ने एक कड़े मुकाबले में पांच रनों से क्रिकेट मैच में होमी जहांगीर भाभा हॉस्टल को हरा दिया। मैच के दौरान हर बॉल पर दोनों ही टीमों के समर्थकों ने हूटिंग की। हबीबुल्ला हॉस्टल ने पहले बैटिंग करते हुए एलयूएए ग्राउंड पर 130 रनों का लक्ष्य होमी जहांगीर भाभा हॉस्टल के सामने रखा था। हबीबुल्ला के प्रद्युम्न ने 96 रन की शानदार नाबाद पारी खेली। हबीबुल्ला हॉस्टल ने पांच रनों से महासंग्राम जीत लिया।

NBT PAGE 04

खेलोगे कूदोगे बनोगे...

एलयू में पढ़ाई के साथ खेलकूद पर भी फोकस किया जा रहा है। छात्र खेलों में खूब हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार को मैच शुरू हुआ तो दर्शकों की भी भीड़ लग गई।

19 को LU के मुख्य द्वार का उद्घाटन!

■ **एनबीटी सं, लखनऊ:** एलयू में प्रवेश के लिए बन रहे मुख्य द्वार का 15 फरवरी को गवर्नर या सीएम उद्घाटन कर सकते हैं। मुख्य द्वार के रूप में विकसित हो रहे गेट नंबर-3 लगभग बनकर तैयार है। गेट का डिजाइन विवि के ऐतिहासिक डिजाइन से प्रेरित है। एलयू में अब तक मुख्य द्वार भाऊराव देवरस द्वार है।

वीसी प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है कि यह गेट विवि के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 15 से नेशनल समिट फॉर इंस्टिट्यूशनल लीडरशिप (एनएसआईएल) शुरू हो रहा है। जिसके उद्घाटन सत्र में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। तो इसी दौरान उद्घाटन भी होगा।

गेट नंबर-3 के पास ही पार्किंग की व्यवस्था है। जबकि गेट नंबर-2 को वीआईपी एंट्री के लिए प्रयोग किया जाएगा, क्योंकि अधिकतर वीआईपी मालवीय और एपी सेन हॉल में आएंगे। गेट नंबर-1 को प्रशासनिक भवन में जाने के लिए प्रयोग किया जाएगा।



गेट नंबर-3 होगा मुख्य द्वार, विवि के ऐतिहासिक डिजाइन से है प्रेरित

हबीबुल्लाह हास्टल की पांच विकेट से जीत

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के तीसरे इंटर हास्टल कम्पटीशन फेस्ट-2024 में मंगलवार को कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं। वालीबाल (पुरुष वर्ग) के फाइनल मैच में सुभाष हास्टल ने महमूदाबाद हास्टल को हराया। क्रिकेट मुकाबले में हबीबुल्लाह हास्टल ने होमी जहांगीर भाभा हास्टल को पांच रनों से हराया। हबीबुल्लाह हास्टल के प्रद्युम्न ने 96 रन की शानदार नाबाद पारी खेल कर 130 रनों का लक्ष्य रखा। छात्राओं में बैडमिंटन के फाइनल में कैलाश हास्टल ने बीरबल साहनी हास्टल को हराया।

लवि के पूर्व प्रोफेसर डीपी सिंह का निधन

लखनऊ : लवि के लोक प्रशासन विभाग के संस्थापक रहे प्रोफेसर डीपी सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रो. सिंह के समय में लोक प्रशासन विभाग की नींव रखी गई थी। वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में सदस्य भी रहे हैं। काफी समय पहले सेवानिवृत्त हो चुके थे। शिक्षकों ने उनके निधन पर शोक जताया है। (जासं)

JAGRAN CITY PAGE III

'आद्याश्री' में 50 विजेताओं को मिले पदक

आद्याश्री उत्सव में फैशन शो में प्रतिभाग करती छात्रा नैंसी गुप्ता ● जागरण

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटर कालेजिएट उत्सव 'आद्याश्री' का समापन मंगलवार को मालवीय सभागार में हुआ। फैशन शो, नाटक और पैनल चर्चा हुई। कार्यक्रम में तीन दिन तक हुईं विभिन्न प्रतियोगिताओं में 50 विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. आलोक कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर 'द शेड्स आफ वुमनहुड' विषय पर पैनल चर्चा की गई। इसमें महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डा. मानिनी श्रीवास्तव, एमिनेंस प्रोफेसर प्रो. निशी पांडे, प्रो. मदुरिमा लाल, प्रो. राकेश चंद्रा और नेशनल असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलाजी एंड सरोगेसी बोर्ड की सदस्य डा. संगीता शर्मा ने अपने विचार रखे।

पोस्टर मेकिंग में केकेसी से विपिन, नारा लेखन में लवि से स्तुति, एक्सटेम्पोर में मानस बाजपेयी, कविता में नेहा यादव, अनुष्का जैन, डांस में टीम प्राण, नाटक में नेशनल पीजी कालेज से टीम रुख, रंगोली मेकिंग में नवयुग कालेज की सुप्रिया व टीम आदि को सम्मानित किया गया। महिला अध्ययन संस्थान और संगीत थेरेपी सेल और अनुसंधान केंद्र, मनोविज्ञान विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के समन्वयक डा. दुर्गेश कुमार उपाध्याय व महर्षि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर भानु प्रताप सिंह के बीच एमओयू हुआ।

आद्याश्री में दिखे नारी शक्ति के स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती छात्रा।

कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को किया गया प्रेरित

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री में नारी शक्ति के स्वरूप छात्राओं द्वारा प्रदर्शित किए गए। कई अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया गया।

लविवि के आद्याश्री कार्यक्रम के अन्तर्गत नारीत्व के रंगों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं द्वारा प्राचीन, मध्ययुगीन और आधुनिक शैली को दर्शाने वाले स्वरूप प्रस्तुत किये। नारी के विभिन्न स्वरूपों के बीच समाज की भूमिका को लेकर भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव एवं डॉ. जया भारती द्वारा लिखित गर्भसंस्कार पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, प्रो. निशी पांडे, प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. संगीता शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने किया समझौता : संगीत की कला को बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ आगे आई है। उसने लविवि की महिला अध्ययन संस्थान के साथ मिलकर एक समझौता करते हुए ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को संगीत की मदद से चिंता और तनावपूर्ण जीवनशैली को प्रबंधित करने में लाभ मिलेगा।

रंगोली, लेखन और डांस प्रतियोगिताओं के आयोजन

कार्यक्रम में लविवि से संबद्ध महाविद्यालय सम्मिलित हुए। जिसमें केकेसी से विपिन कनौजिया को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अव्वल रहे। लविवि से स्तुति मिश्रा ने नारी लेखन, नवयुग महाविद्यालय से सुप्रिया टीम ने रंगोली मेकिंग प्रस्तुति दी। नेहा यादव और अनुष्का जैन ने काव्य पाठ किया। डांस प्रतियोगिता में टीम प्राण का बेहतर प्रदर्शन रहा।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

हबीबुल्ला हाल क्रिकेट के महासंग्राम में विजयी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्विद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण में तृतीय इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2024 का आठवां दिन सभी ने पूरे उत्साह के साथ शुरू किया। आज पूर्व में खेले गए मुकाबलों का निर्णायक दिन रहा वॉलीबॉल (पुरुष वर्ग) का फाइनल मैच सुभाष हाल और महमूदाबाद हाल के बीच शिवाजी ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें सुभाष हाल ने अदभुत जीत हासिल की। हबीबुल्ला हाल और होमी जहांगीर भाभा हाल एलयूएए ग्राउंड में बड़ी ही जोश के साथ अपने क्रिकेट के फाइनल मुकाबले के लिए उतरे। जिसमें दोनों ही टीमों ने एक दूसरे को भरपूर चुनौती दी। जोकि बीरबल साहनी हाल और कैलाश हाल के बीच था और एक कड़े मुकाबले के बाद कैलाश हाल ने जीत हासिल की। पूरे मुकाबलों के दौरान सभी अंतर वासियों एवं

अन्य दर्शकों ने सभी प्रतिभागियों का बढ़-चढ़कर प्रोत्साहन बढ़ाया। सभी कार्यक्रम मुख्य प्रोक्टोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह और डीन छात्र कल्याण प्रो.संगीता साहू व सभी प्रोक्टोस्ट, सहायक प्रोक्टोस्ट और प्रॉक्टर की निरंतर निगरानी में सम्पन हुए।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

'आद्याश्री' में हुनर को मिला सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● डॉ. मानिनी श्रीवास्तव और डॉ. जया भारती की तिब्बत गर्भसंस्कार पर एक पुस्तक का हुआ विमोचन

लखनऊ। लविवि के महिला अध्ययन संस्थान के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय इंटर-कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री मंगलवार को कार्यक्रम के तीसरे और आखिरी दिन तक चला। कार्यक्रम की शुरूआत लविवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, उप कुलपति प्रो. अरविन्द अवस्थी, डीन प्रो संगीता साहू और डीन प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की संयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने सम्मानित पैनलिस्ट प्रो. निशी पांडे की उपस्थिति में 'द शेड्स ऑफ वूमनहुड' विषय पर पैनल चर्चा के साथ दिन की शुरूआत की।लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. निशी पांडे, संस्कृतिकी निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. राकेश चंद्रा और नेशनल असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एंड सरोगेसी बोर्ड के सदस्य डॉ. संगीता शर्मा पैनल चर्चा में शामिल हुए।इसकासमन्वयन बालोद तिवारी ने की। सभी ने समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव एवं डॉ. जया भारती द्वारा लिखित गर्भसंस्कार पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, प्रो. निशी पांडे, प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. संगीता शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने सम्मानित पैनलिस्ट प्रो. निशी पांडे की उपस्थिति में 'द शेड्स ऑफ वूमनहुड' विषय पर पैनल चर्चा के साथ दिन की शुरूआत की।लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. निशी पांडे, संस्कृतिकी निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. राकेश चंद्रा और नेशनल असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एंड सरोगेसी बोर्ड के सदस्य डॉ. संगीता शर्मा पैनल चर्चा में शामिल हुए।इसकासमन्वयन बालोद तिवारी ने की। सभी ने समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, प्रो. निशी पांडे, प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. संगीता शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

हबीबुल्ला ने जीता खिताब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● सुभाष हाल ने जीता वॉलीबॉल का खिताब

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में तृतीय इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2024 के आठवां दिन मंगलवार को सभी ने पूरे उत्साह के साथ शुरू किया। सोमवार को खेले गए मुकाबलों का निर्णायक दिन रहा। वॉलीबॉल (पुरुष वर्ग) का फाइनल मैच सुभाष हाल और महमूदाबाद हाल के बीच शिवाजी ग्राउंड मे आयोजित किया गया, जिसमें सुभाष हाल ने जबरदस्त जीत हासिल की।

हबीबुल्ला हाल और होमी जहांगीर भाभा हाल एलयूएए ग्राउंड में बड़ी ही जोश के साथ अपने क्रिकेट के फाइनल मुकाबले के लिए उतरे, जिसमें दोनों ही टीमों ने एक दूसरे को भरपूर चुनौती दी। हबीबुल्ला के प्रद्युम्न ने 96 रन की शानदार नाबाद पारी खेल कर 130 रनों का लक्ष्य होमी जहांगीर भाभा हाल के समक्ष रखा। हबीबुल्ला हाल ने 5 रनों से इस क्रिकेट के महासंग्राम में अपनी जीत दर्ज की। छात्राओं का बैडमिंटन का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया जोकि बीरबलसाहनी हाल और कैलाश हाल के बीच था और एक कड़े मुकाबले के बाद कैलाश हाल ने जीत हासिल की। पूरे मुकाबलों के दौरान सभी अंतरवासियोंएवं अन्य दर्शकोंने सभी प्रतिभागियों का बढ़ चढ़कर प्रोत्साहन बढ़ाया। सभी कार्यक्रम मुख प्रोक्टोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह और डीन छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू एवं सभी प्रोक्टोस्ट, सहायक प्रोक्टोस्ट और प्रॉक्टर की निरंतर निगरानी में सम्पन हुए।